# 370 की जांच, 235 यूनिट रक्तदान किया

गंगरार| मेवाड़ विश्वविद्यालय में भंवरलाल गदिया एवं नंदलाल गदिया की स्मृति में हुए शिविर में 235 यूनिट रक्तदान किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. जेएन बनवालेकर एवं उनकी धर्मपत्नी जया बनवालेकर ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया। विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन अशोक कुमार गदिया ने संबोधित किया। साथ ही श्री सेवा संस्थान निंबाहेड़ा व मेवाड़ विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क नेत्र परीक्षण एवं दंत चिकित्सा शिविर भी हुआ। जिसमें गोमाबाई नेत्रालय नीमच के विशेषज्ञ डॉ. शिवप्रताप ने सेवाएं दी। शिविर में 370 ग्रामीणों ने नेत्र जांच कर परामर्श दिया तथा 100 मरीजों का ऑपरेशन के लिए चयन किया गया।



# शिविर में 235 यूनिट रक्तदान

चित्तौड़गढ़ ( प्रातःकाल संवाददाता )। मेवाड़ विश्वविद्यालय में स्व. भंवर लाल गदिया एवं स्व. नन्दलाल गदिया की पुण्य स्मृति के उपलक्ष्य में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है, जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ जे.एन. बनवालेकर एवं धर्मपत्नी जया बनवालेकर द्वारा द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस दौरान आयोजित रक्तदान शिविर में विद्यार्थियों व प्राध्यापकों द्वारा 235 यूनिट भी रक्तदान किया गया। वहीं श्री सेवा संस्थान, निम्बाहेड़ा व मेवाड़ विश्वविद्यालय के संयुक्त सौजन्य से निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं दन्त परीक्षण का आयोजन भी किया गया, जिसमे नेत्र संबंधित विभिन्न बीमारियों की जांच गोमाबाई नेत्रालय, नीमच के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. शिव प्रताप एवं अन्य स्टाफद्वारा 370 ग्रामीणों ने नेत्र जांच एवं परामर्श किया। परीक्षण पाश्चात 100 ग्रामीणों को निःशुल्क शल्य उपचार कर चश्मे दिये जायेंगे। निम्बाहेड़ा के बिश्नाई डेंटल केयर द्वारा 335 लोगों की दांतो से संबंधित रोगों की निःशुल्क जांच एवं परामंर्श किया गया। समारोह के दौरान मेवाड़ एजुकेशन सोसाइटी के चौयरपर्सन गोविंद लाल गदिया, मैनेजमेंट प्रतिनिधि आर.के. गदिया, विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार वेंकट वी.पी.आर. पी., डीन एकेडमिक सी.के. शर्मा, डायरेक्टर प्लेसमेंट हरीश गुरनांनी, ओ.एस. डी. विधानी, नरेश कोठरी, डी. के. शर्मा, आर. के. पालीवाल आदि उपस्थित रहे।

# 370 मरीजों ने कराई नेत्र जांच

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com



गंगरार. मेवाड़ विश्वविद्यालय में शनिवार को नेत्र, दन्त जांच एवं रक्तदान शिविर में मौजूद मरीज व अन्य लोग।

**गंगरार.** मेवाड़ विश्वविद्यालय में भंवर लाल गदिया एवं नन्द लाल गदिया की पुण्य स्मृति के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर का उदघाटन मुख्य अतिथि डॉ जेएन बनवालेकर एवं जया बनवालेकर के द्वारा द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया। डॉ बनवालेकर ने कहा कि रक्तदान अन्य कई दान से सर्वश्रेष्ठ है क्योंकि इसमें आप जीवनदान देते हैं। उदघाटन सत्र में विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन अशोक कुमार गदिया विद्यार्थियों से रूबरू हुए एवं उन्होंने विद्यार्थियों को अध्ययन, रोजगार एवं स्वनिर्भर पर बल देने की बात कही साथ ही उन्होंने रक्तदान की उपयोगिता बताते हुए कहा कि रक्तदान से बड़ी कोई समाज सेवा नही एवं प्रत्येक वयस्क व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए ।

रक्तदान शिविर में सुबह से लंबी कतार देखने को मिली एव विश्वविद्यालय में अध्धयनरत विभिन्न राज्यों के विद्यार्थियों ने रक्तदान किया। विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा भी रक्तदान किया गया। शिविर में कुल 235 यूनिट रक्तदान किया।


इसी दिन समाजसेवी भंवरलाल गदिया एवं नन्द लाल गदिया की स्मृति में श्री सेवा संस्थान, निम्बाहेड़ा व मेवाड़ विश्वविद्यालय के संयुक्त सौजन्य से निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं दन्त परीक्षण का आयोजन भी किया गया गोमाबाई नेत्रालय, नीमच के नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. शिव प्रताप एवं अन्य स्टाफद्वारा किया गया। शिविर में 370 ग्रामीणों ने नेत्र जांच एवं परामर्श किया। परीक्षण के बाद 100 ग्रामीण ऑपेरशन योग्य पाए गए। निम्बाहेड़ा के बिश्नोई डेंटल केयर द्वारा 335 जनों की दांतो से संबंधित रोगों की निःशुल्क जांच एवं परामर्श किया गया जिसमे ज्यादातर मरीजो के दांतों में पीलेपन की समस्या आम पाई गई। डॉ. आरआर बिश्नोई ने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को दिन में दो बार दंत मंजन करना अतिआवश्यक है।

शिविर में श्री सेवा संस्थान के सचिव एवं पूर्व विधायक अशोक नवलखा, उपाध्यक्ष मो. सईद खान एवं संस्थान के सदस्य सत्य प्रकाश जैथलिया, राम लाल बैरवा व वीरेश चपलोत उपस्थित थे।

समारोह के दौरान मेवाड़ एजुकेशन सोसाइटी के चैयरपर्सन गोविंदलाल गदिया, मैनेजमेंट प्रतिनिधि आरके गदिया, विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार वेंकट वीपीआरपी डीन एकेडमिक सीके शर्मा, डायरेक्टर प्लेसमेंट हरीश गुरनानी, ओएसडी विधानी, नरेश कोठरी, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डी. के शर्मा, डीन रिसर्च आरके पालीवाल आदि उपस्थित रहे।

# रक्तदान, निःशुल्क जांच शिविर आयोजित

गंगरार। मेवाड़ विश्वविद्यालय में भंवर लाल गदिया एवं नन्द लाल गदिया की स्मृति के उपलक्ष्य में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ जे.एन. बनवालेकर एवं जया बनवालेकर ने किया। उद्घाटन सत्र में विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन अशोक कुमार गदिया विद्यार्थियों से रूबरू हुए एवं उन्होंने विद्यार्थियों को अध्ययन, रोजगार एवं स्वनिर्भर पर बल देने की बात कही। शिविर में कुल 235 यूनिट रक्त दिया गया। श्री सेवा संस्थान, निम्बाहेड़ा व मेवाड़ विश्वविद्यालय के संयुक्त सौजन्य से निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं दन्त परीक्षण का आयोजन भी किया गया जिसमे नेत्र संबंधित विभिन्न बीमारियों की जांच गोमाबाई नेत्रालय, नीमच के प्रशिक्षित डॉक्टर नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. शिव प्रताप



एवं अन्य स्टाफ द्वारा किया गया। शिविर में 370 ग्रामीणों ने नेत्र जांच एवं परामर्श किया। परीक्षण पाश्चात 100 ग्रामीण ऑपरेशन योग्य पाये गए जिनके ऑपरेशन निःशुल्क किये जायेंगे साथ ही नजर के मरीजों को चश्मे भी निःशुल्क मुहैया करवाये जाएंगे। निम्बाहेड़ा के प्रसिद्ध बिश्नोई डेंटल केयर द्वारा 335 जनो की दांतो से संबंधित रोगों की निःशुल्क जांच एवं परामर्श किया गया जिसमे ज्यादातर मरीजो के दांतों में पीलेपन की समस्या आम पायी गयी। डॉ. आर. आर. बिश्नोई ने सलाह देते हुए बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को दिन में दो बार दंत मंजन करना अतिआवश्यक है। शिविर में श्री सेवा संस्थान के सचिव एवं पूर्व विधायक अशोक नवलखा, उपाध्यक्ष मो. सईद खान एवं संस्थान के सदस्य सत्य प्रकाश जैथलिया, राम लाल बैरवा व वीरेश चपलोत उपस्थित थे। समारोह के दौरान मेवाड़ एजुकेशन सोसाइटी के चैयरपर्सन गोविंद लाल गदिया, मैनेजमेंट प्रतिनिधि आर.के. गदिया, विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार वेंकट वी.पी.आर. पी. डीन एकेडमिक सी.के. शर्मा, डायरेक्टर प्लेसमेंट हरीश गुरनानी आदि उपस्थित रहे।